रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप -खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2637] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 9, 2019/श्रावण 18, 1941
No. 2637] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 9, 2019/SHRAVANA 18, 1941

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 अगस्त, 2019

का.आ. 2897(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 776 (अ), तारीख 21 फरवरी, 2018 द्वारा प्रकाशित की गई थी, जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 22 फरवरी, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई भी आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए;

और, पालकोट वन्यजीव अभयारण्य 22° 45' से 23° उत्तरी अक्षांश और 84° 30' से 84°45' पूर्वी देशांतर के बीच स्थित है। यह अभयारण्य संकटापन्न और महत्वपूर्ण जंगली पशुओं जैसे भालू, तेंदुआ, अजगर आदि के संरक्षण के लिए वर्ष 1990 में सृजित किया गया। पालकोट वन्यजीव अभयारण्य बिहार सरकार की अधिसूचना सं 1168 तारीख 22 मार्च,1990 द्वारा अधिसूचित किया गया था, यह 183.18 वर्ग किलोमीटर में आच्छादित है। यह संभागीय वन अधिकारी वन्यजीव संभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत आता है जिसका मुख्यालय रांची में है।

और, पालकोट वन्यजीव अभयारण्य में प्रचुर जैव विविधता पायी जाती है और यह छोटानागपुर पठार (6 डी) जैव-भौगोलिक अंचल के दक्षिणी पठार क्षेत्र में स्थित है। पालकोट वन्यजीव अभयारण्य में भालू प्रजाति महत्वपूर्ण है। इस संरक्षित क्षेत्र में कुछ मुख्य लुप्तप्राय प्रजातियां जैसे तेंदुआ, पिसूरी, अजगर, साल आदि भी पाए जाते हैं। अभयारण्य क्षेत्र में कभी-कभी

प्रवासी हाथियों को भी देखा जाता है। पालकोट वन्यजीव अभयारण्य कई मौसमी और छोटी बारहमासी नदियों का आवाह क्षेत्र है। इस संरक्षित क्षेत्र में बारिश का पानी रूक जाता है जिससे भूजल जलभृतों को रिचार्ज करने में मदद मिलती है। इस संरक्षित क्षेत्र के वनों के कारण न्यूनतम मृदा- अपरदन होने से यहां की नदियों और धाराओं में गाद जमा नहीं होती है। इस संरक्षित क्षेत्र में चैम्पियन और सेठ के वर्गीकरण के अनुसार, विविध प्रकार के वन पाए जाते है जैसे कि उत्तरी भारतीय आर्द्र पर्णपाती वन, आर्द्र और शुष्क प्रायद्वीप साल वन, उत्तरी शुष्क मिश्रित पर्णपाती वन, एग्ले वन जो कि स्तनधारियों की 47 प्रजातियां, पक्षियों की 124 प्रजातियां और वनस्पति की 700 प्रजातियां की बड़ी संख्या के लिए उत्कृष्ट आवास हैं। इन प्रजातियों में सभी लुप्तप्राय प्रजातियां जैसे कि भालू, तेंदुआ, अजगर, साल, प्रवासी एशियाई हाथी आदि शामिल हैं, जो सभी संकटापन्न प्रजातियां है। यह संरक्षित क्षेत्र स्थानीय जनता के आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर उनकी सहायता करता है। स्थानीय जनता 60% से अधिक लोग अनुसूचित जनजाति के हैं, इसका बृहत् सौंदर्यात्मक महत्व है और वन्यजीव अनुसंधान और शिक्षा के लिए व्यापक दायरा भी इसमें संपन्न पारिस्थितिकी-पर्यटन में मदद करने की काफी क्षमताएं हैं।

और, यह अभयारण्य कई जलधाराओं और नदियों के लिए जलसंभर के रूप में कार्य करता हैं। यहां अधिकांश नदियां बरसाती और मौसमी हैं, और इसलिए ये गर्मियों में सूख जाती हैं। हालांकि, कुछ नदियों में वर्षभर थोड़ा सा पानी रहता है और ये जंगली पशुओं के लिए पानी का महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

और, इन संरक्षित क्षेत्रों को सबसे बड़ा खतरा बढ़ती आबादी, कम शैक्षिक स्तर और वाणिज्यिक गतिविधियों से है जो वन्यजीवों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दृष्टि से हानिकारक हैं। अनियमित क्रियाकलापों जैसे कि खनन, खदान और उद्योगों से न केवल पारिस्थितिकी पर प्रत्यक्ष प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है वरना इनसे नजदीकी वनों का भी क्षरण होता है, और इस प्रकार इनसे लोंगों के असावधानीवश प्रवेश जैसे सहगामी कारकों से वन्यजीव पर्यावासों को भी हानि पहुंचाती है।

और, पालकोट वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाऐं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, झारखंड राज्य गुमला और सिमदेगा जिला में पालकोट वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 350 मीटर से 5 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा पालकोट वन्यजीव अभयारण्य के चारो ओर 350 मीटर से 5 किलोमीटर तक है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र 1287.16 वर्ग किलोमीटर है।

(2) पालकोट वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण उपाबंध I के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के पालकोट वन्यजीव अभयारण्य के मानचित्र **उपाबंध–II क** और **उपाबंध–II ख** के रूप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और पालकोट वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भू निर्देशांकों की सूची **उपाबंध III** की सारणी क और सारणी ख में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांको के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची और संलग्न ग्राम **उपाबंध IV** के रूप में संलग्न है।

2. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना–** (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हैं के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) नगर विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड; और

(xii) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों से अनुसमर्थित मानचित्र के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैराग्राफ-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

IndiaCode

(8) आंचलिक महायोजना प्रादेशिक विकास योजना की सह-विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए मानीटर समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.**– (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु यह कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत ग्रह वास सम्मिलित है; और

(v) पैराग्राफ 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई गलती, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक होगी और उक्त गलती के सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि गलती के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.-** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे ।

IndiaCode

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा;

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी;

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी;

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जाएगी;

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे :-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिजॉर्ट के सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापन केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी–पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देते हुए (समय-समय पर यथा संशोधित) जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंदर किसी नये होटल या रिजॉर्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, स्थापत्य, सौंदर्यपूरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की और उपक्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.-** पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के उपबंधों के अनुसार पर्यावरणीय अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के

निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के द्वारा प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ईएसएम) का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय यातायात.-** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुपालन में वाहन प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण किया जाएगा और स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो; पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अन्तर्गत तटीय विनियमन जोन अधिसूचना 2011 और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियां के जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने और व्यक्तिगत उपभोग के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनकों तोड़ने की इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होगा; (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालित होंगी ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी

IndiaCode

		जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
8.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
9.	वाणिज्यिक होटलों और रिजॉर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्टों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के परे या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें से जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु यह कि स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी, जैसे:- परंतु यह कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से परे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
11.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुगधशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।

	मछली पालन ।	
12.	फर्मो, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित (अन्यथा प्रदान किए गए) होंगे ।
13.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगे ।
15.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
16.	विद्युत और संचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । (भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
17.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित अवसंरचनाएं ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
19.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
20.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्तारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
23.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।

25.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	पारिस्थितिकी-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
ग. संवर्धित क्रियाकलाप		
30.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।
35.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	निम्नीकृत भूमि/ वन / वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अधिसूचना की मानीटरी के लिए मानीटरी समिति.- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी मानीटरी के लिए मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी अर्थात्:-

क्र.सं.	**मानीटरी समिति का संघटक**	**पदनाम**
(i)	दक्षिण छोटानागपुर राजस्व प्रभाग का आयुक्त	अध्यक्ष,पदेन;
(ii)	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधि	सदस्य;
(iii)	राज्य सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का प्रतिनिधि	सदस्य;
(iv)	झारखंड के वन और पर्यावरण विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य;
(v)	राज्य सरकार द्वारा नामित जैव विविधता में एक विशेषज्ञ	सदस्य;

(vi)	पारिस्थितिकी और पर्यावरण में एक विशेषज्ञ राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाएगा	सदस्य;
(vii)	संबंद्ध प्रादेशिक प्रभागीय वन अधिकारी	सदस्य;
(viii)	प्रभागीय वनाधिकारी, पालकोट वन्यजीव अभयारण्य के प्रभारी	सदस्य सचिव।

6. निर्देश–निबंधन:- (1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन तक के लिए होगा और तत्पश्चात मानीटरी राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी के स्तम्भ (3) में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केंद्रींय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ.1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम, की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध V** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/69/2015-ई एस जेड-आर ई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

झारखंड राज्य में पालकोट वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर: गुमला जिले के गुमला खंड के ग्राम राजस्व ग्रामों बेलगांव, काराउनदी, फाइसा, तार्री, धुमारदीह, माहुगांव, बंकिर, सुरसुरीया, अमबूअ, राकमसेरा, बेला की उत्तरी सीमाएं गुमला नगर का समीपवर्ती एन एच 23।

पूर्व: पूर्वी सीमाओं के साथ गुमला जिलें का बसिया ग्राम। राजस्व ग्रामों जामदंगा, तुकइ, सुरूजपुर, सोंमेर, पांथा, लालपुर, सोलांगबिरा, केलगा, लुउंगा, पतुरा, किंदेरकेला, अगहारमा की उत्तरी पूर्वी सीमाएं।


दक्षिण: सिमदेगा जिले के कोलेबेरा खंण्ड के गांव राजस्व ग्राम- भांवारपहरी, सारंगापानी, केदमतंर, फुलवारतंगर, बिरू, दांरगुरदा, कोंबेरा, केवांददीह, खांगजालोया की दक्षिणी सीमा।

पश्चिम: शंख नदी के साथ लगी सीमा और छत्तीसगढ़ राज्य की अंतर-राज्य सीमा राजस्व ग्रामों कोंदरा, कासीरा, मोकरा, रेंगोला, तुल्मुंगा, अरांदा, राइदीह, लुंगा की पश्चिमी सीमा।

IndiaCode


उपाबंध-IIक

प्रमुख अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के पालकोट वन्यजीव अभयारण्य का मानचित्र



उपाबंध-IIख

प्रमुख अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ पालकोट वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध -III

सारणी क: पालकोट वन्यजीव अभयारण्य के प्रमुख स्थानों के भू-निर्देशांक

बिंदु सं.	अक्षांश (उ)	देशांतर (पू)
1.	22° 48' 05"	84° 23' 34"
2.	22° 53' 10"	84° 26' 24"
3.	22° 57' 10"	84° 31' 08"
4.	22° 57' 08"	84° 39' 01"
5.	22° 57' 29"	84° 43' 40"
6.	22° 53' 38"	84° 45' 45"
7.	22° 47' 51"	84° 43' 50"
8.	22° 42' 47"	84° 39' 39"
9.	22° 45' 11"	84° 31' 03"
10.	22° 46' 30"	84° 26' 33"

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रमुख स्थानों के भू-निर्देशांक

बिंदु सं.	अक्षांश (उ)	देशांतर (पू)
1.	22° 55' 23"	84° 23' 50"
2.	23° 0' 15"	84° 30' 16"
3.	23° 02' 41"	84° 39' 07"
4.	22° 59' 14"	84° 45' 10"
5.	22° 53' 19"	84° 49' 04"
6.	22° 47' 17"	84° 45' 55"
7.	22° 40' 02"	84° 36' 42"
8.	22° 41' 57"	84° 30' 29"
9.	22° 44' 13"	84° 23' 24"
10.	22° 47' 59"	84° 18' 56"

IndiaCode

उपाबंध -IV

भू-निर्देशांकों के साथ पालकोट वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम क्षेत्र की सूची

क्र.सं.	ग्राम का नाम	प्रशासन खंड	थाना सं	अक्षांश	देशांतर
1	2	3	4	5	6
1	कपुदीह	राईदिह	27	22° 58' 43.362" **उ**	84° 26' 56.005" **पू**
2	नवागर	राईदिह	32	22° 56' 22.369" **उ**	84° 27' 14.329" **पू**
3	मारदा	राईदिह	33	22° 56' 14.897" **उ**	84° 28' 55.706" **पू**
4	कुल्मुंदा	राईदिह	34	22° 57' 41.771" **उ**	84° 30' 7.844" **पू**
5	सिकोइ	राईदिह	35	22° 59' 12.201" **उ**	84° 28' 53.634" **पू**
6	पकरटोली	राईदिह	36	23° 0' 0.802" **उ**	84° 30' 29.871" **पू**
7	सिलम	राईदिह	37	22° 58' 51.092" **उ**	84° 31' 12.304" **पू**
8	जरजट्टा	राईदिह	45	22° 53' 45.784" **उ**	84° 25' 50.670" **पू**
9	राइदीह	राईदिह	46	22° 55' 48.714" **उ**	84° 25' 17.527" **पू**
10	अरंदा	राईदिह	47	22° 55' 26.090" **उ**	84° 24' 30.953" **पू**
11	तुल्मुंगा	राईदिह	48	22° 54' 19.652" **उ**	84° 23' 44.677" **पू**
12	बिकेरा	राईदिह	49	22° 53' 7.661" **उ**	84° 24' 49.741" **पू**
13	रेंगोला	राईदिह	50	22° 52' 31.686" **उ**	84° 23' 27.258" **पू**
14	मोकरा	राईदिह	53	22° 51' 12.102" **उ**	84° 22' 2.647" **पू**
15	कासिरा	राईदिह	54	22° 50' 21.639" **उ**	84° 20' 16.157" **पू**
16	कोंकेल	राईदिह	55	22° 50' 6.844" **उ**	84° 22' 3.001" **पू**
17	रामदेगा	राईदिह	56	22° 48' 57.246" **उ**	84° 21' 33.071" **पू**
18	तरालोया	राईदिह	57	22° 48' 3.629" **उ**	84° 22' 56.406" **पू**
19	बमल्केरा	राईदिह	59	22° 46' 37.886" **उ**	84° 22' 6.000" **पू**
20	कोंदरा	राईदिह	60	22° 47' 6.593" **उ**	84° 20' 12.899" **पू**
21	तुरीदीह	राईदिह	26	22° 59' 9.201" **उ**	84° 27' 31.312" **पू**
22	लुंगा	राईदिह	28	22° 58' 21.235" **उ**	84° 26' 13.630" **पू**
23	जापककोना	सिमदेगा	25	22° 44' 25.803" **उ**	84° 32' 58.278" **पू**
24	दांरगुरदा	सिमदेगा	57	22° 42' 39.489" **उ**	84° 31' 45.577" **पू**
25	कोनदेरा	सिमदेगा	55	22° 42' 16.530" **उ**	84° 30' 32.800" **पू**
26	फुलवाराटंगेर	सिमदेगा	65	22° 41' 22.763" **उ**	84° 35' 13.012" **पू**
27	बीरू	सिमदेगा	58	22° 42' 11.838" **उ**	84° 33' 23.982" **पू**
28	पुरना पानी	पकेइरदेंर	13	22° 45' 46.654" **उ**	84° 24' 17.487" **पू**
29	खांजलोया	पकैरदानर	14	22° 45' 8.063" **उ**	84° 26' 6.332" **पू**
30	केवांद्दीह	पकैरदानर	28	22° 44' 17.678" **उ**	84° 28' 34.333" **पू**
31	घगरा	पकैरदानर	26	22° 44' 18.001" **उ**	84° 31' 22.274" **पू**
32	भेलवोदीह	पकैरदानर	27	22° 43' 54.735" **उ**	84° 30' 35.458" **पू**

33	हरदीबेरा	पकैरदानर	10	22° 45' 1.588" **उ**	84° 22' 48.558" **पू**
34	बासतपुर	पकैरदानर	12	22° 44' 3.294" **उ**	84° 24' 49.725" **पू**
35	रेंगापानी	पकैरदानर	9	22° 44' 16.310" **उ**	84° 22' 35.630" **पू**
36	भुंदुपानी	पकैरदानर	58	22° 46' 32.932" **उ**	84° 28' 40.221" **पू**
37	ताकवा	पकैरदानर		22° 46' 1.023" **उ**	84° 27' 12.761" **पू**
38	पाहरगुरदा	पकैरदानर	56	22° 43' 3.302" **उ**	84° 30' 30.795" **पू**
39	सरीअपानी	कोलेबेरा	119	22° 42' 42.431" **उ**	84° 36' 59.109" **पू**
40	सारंगापानी	कोलेबेरा	120	22° 42' 42.910" **उ**	84° 38' 53.020" **पू**
41	भानवारपाहर	कोलेबेरा	121	22° 42' 38.484" **उ**	84° 40' 40.454" **पू**
42	जमतोली	कोलेबेरा	122	22° 43' 49.736" **उ**	84° 42' 1.872" **पू**
43	लरबा	कोलेबेरा	123	22° 44' 33.289" **उ**	84° 43' 34.589" **पू**
44	जुरकेला	कोलेबेरा	131	22° 45' 29.504" **उ**	84° 43' 29.530" **पू**
45	अगरमा	कोलेबेरा	132	22° 46' 54.477" **उ**	84° 44' 38.113" **पू**
46	कदम्दतर	कोलेबेरा	118	22° 41' 40.675" **उ**	84° 37' 50.670" **पू**
47	सुरूजपुर	बसिया	118	22° 55' 35.300" **उ**	84° 46' 49.428" **पू**
48	लालपुर	बसिया	122	22° 52' 59.938" **उ**	84° 48' 50.034" **पू**
49	पांथा	बसिया	123	22° 53' 16.204" **उ**	84° 48' 1.668" **पू**
50	सोलांगबीर	बसिया	124	22° 52' 10.530" **उ**	84° 47' 20.619" **पू**
51	सीतोली	बसिया	125	22° 51' 31.127" **उ**	84° 46' 18.079" **पू**
52	सीरीबिरा	बसिया	126	22° 51' 21.210" **उ**	84° 47' 1.245" **पू**
53	रायकेरा	बसिया	138	22° 49' 10.817" **उ**	84° 44' 9.899" **पू**
54	मोरांग	बसिया	139	22° 49' 22.815" **उ**	84° 45' 9.327" **पू**
55	सरूदा	बसिया	142	22° 50' 35.656" **उ**	84° 45' 26.795" **पू**
56	तेतरा	बसिया	143	22° 52' 24.897" **उ**	84° 45' 42.001" **पू**
57	माजकेरा	बसिया	144	22° 53' 37.596" **उ**	84° 46' 23.154" **पू**
58	लायुकेरा	बसिया	145	22° 54' 31.033" **उ**	84° 46' 37.523" **पू**
59	नीनाइ	बसिया	146	22° 55' 25.357" **उ**	84° 45' 34.014" **पू**
60	कुलुसकेरा	बसिया	147	22° 56' 22.066" **उ**	84° 44' 54.483" **पू**
61	लुंगटु	बसिया	148	22° 57' 35.180" **उ**	84° 45' 15.893" **पू**
62	झोला	बसिया	149	22° 58' 49.140" **उ**	84° 45' 3.207" **पू**
63	सोंमेर	बसिया	119	22° 54' 53.120" **उ**	84° 48' 1.737" **पू**
64	जाम्देंग	बसिया	114	22° 57' 5.922" **उ**	84° 46' 22.706" **पू**
65	तेलेसेरा	बसिया	115	22° 56' 25.875" **उ**	84° 45' 57.640" **पू**
66	तुकइ	बसिया	116	22° 56' 24.002" **उ**	84° 47' 2.142" **पू**
67	मातरदेगा	बसिया	137	22° 48' 28.828" **उ**	84° 43' 45.804" **पू**
68	पतुरा	बसिया	135	22° 48' 27.573" **उ**	84° 46' 22.255" **पू**

indiacode

69	केल्गा	बसिया	105	22º 50' 35.000" **उ**	84º 47' 4.843" **पू**
70	बंतरीया	बसिया	150	22º 58' 39.645" **उ**	84º 46' 5.736" **पू**
71	किंदेरकेल	बसिया	20	22º 48' 2.902" **उ**	84º 45' 22.486" **पू**
72	रेवरा	बसिया	82	22º 47' 57.017" उ	84º 43' 27.752" **पू**
73	बेलगांव	गुमला	53	23º 1' 3.609" **उ**	84º 31' 1.420" **पू**
74	ससलाता	गुमला	54	23º 0' 22.436" **उ**	84º 31' 4.312" **पू**
75	जोरगा	गुमला	56	22º 59' 4.961" **उ**	84º 33' 39.865" **पू**
76	कराउनदी	गुमला	57	23º 1' 0.424" **उ**	84º 32' 9.727" **पू**
77	तेर्री	गुमला	61	23º 1' 12.651" **उ**	84º 33' 37.910" **पू**
78	बरींदा	गुमला	62	22º 59' 37.980" **उ**	84º 35' 4.411" **पू**
79	कोइनरा	गुमला	67	22º 59' 20.220" उ	84º 37' 23.827" **पू**
80	धुमेरदीह	गुमला	89	23º 1' 12.164" **उ**	84º 34' 34.150" **पू**
81	महुगांव	गुमला	91	23º 1' 12.013" **उ**	84º 37' 19.442" **पू**
82	सुरसुरीया	गुमला	93	23º 1' 0.310" **उ**	84º 38' 36.140" **पू**
83	गींदरा	गुमला	94	22º 59' 52.794" उ	84º 38' 48.672" **पू**
84	बरगांव	गुमला	95	23º 0' 26.029" **उ**	84º 37' 19.749" **पू**
85	तइसेरा	गुमला	96	23º 0' 33.987" **उ**	84º 36' 26.590" **पू**
86	कोलाम्बी	गुमला	99	22º 58' 56.022" **उ**	84º 39' 46.617" **पू**
87	मुरकुद	गुमला	110	22º 59' 4.099" **उ**	84º 40' 50.289" **पू**
88	कोतेंगसेरा	गुमला	111	22º 59' 27.976" उ	84º 42' 21.981" **पू**
89	रेकमा	गुमला	112	22º 59' 17.485" उ	84º 43' 35.932" **पू**
90	कुतुअ	गुमला	113	22º 58' 5.872" **उ**	84º 43' 33.491" **पू**
91	कुतसी	गुमला		22º 59' 53.191" **उ**	84º 44' 11.671" **पू**
92	बनकिर	गुमला	92	23º 1' 27.105" **उ**	84º 37' 44.204" **पू**
93	धारहाउली	गुमला	100	23º 0' 51.515" **उ**	84º 40' 26.245" **पू**
94	अमबोअ	गुमला	101	23º 1' 26.828" **उ**	84º 39' 32.084" **पू**
95	लयंगा	गुमला	105	22º 49' 33.141" **उ**	84º46' 52.741" **पू**
96	बेला	गुमला	107	23º 0' 34.452" **उ**	84º 43' 8.013" **पू**
97	सामसेरा	गुमला	108	23º 0' 50.206" **उ**	84º 42' 18.825" **पू**
98	तीर्रा	गुमला	55	23º 0' 3.001" **उ**	84º 32' 6.867" **पू**
99	चारकेतनगर	गुमला	98	22º 58' 25.913" उ	84º 38' 19.961" **पू**
100	राकमसेरा	गुमला		23º 0' 47.858" **उ**	84º 41' 27.548" **पू**
101	फासिया	गुमला		23º 1' 16.600" **उ**	84º 32' 48.767" **पू**

संलग्न ग्रामों की सूची:

1	कुलबिर	**पालकोट**	पालकोट, 01	22° 57' 1.984" उ	84° 31' 55.783" पू
2	चिरौधिह	पालकोट	पालकोट, 02	22°56' 50.895" उ	84° 32' 57.321" पू

3	गरिमा	पालकोट	पालकोट, 03	22° 57' 10.996" उ	84° 34' 23.541" पू
4	खारवादीह	पालकोट	पालकोट, 04	22° 58' 5.678" उ	84° 35' 9.975" पू
5	सेमरा	पालकोट	पालकोट, 05	22° 58' 13.318" उ	84° 36' 37.070" पू
6	हनस्दोइन	पालकोट	पालकोट, 06	22° 57' 12.455" उ	84° 37' 39.149" पू
7	उमरा	पालकोट	पालकोट, 07	22° 55' 35.267" उ	84° 36' 31.202" पू
8	कोलेंग	पालकोट	पालकोट, 08	22° 56' 5.102" उ	84° 34' 47.634" पू
9	कुरूम	पालकोट	पालकोट, 09	22° 54' 5.973" उ	84° 34' 54.078" पू
10	लितिग	पालकोट	पालकोट, 10	22° 54' 0.809" उ	84° 36' 16.925" पू
11	गोजा	पालकोट	पालकोट, 11	22° 54' 20.485" उ	84° 37' 8.454" पू
12	कसिरा	पालकोट	पालकोट, 12	22° 53' 25.766" उ	84° 36' 28.783" पू
13	गोन्मेर	पालकोट	पालकोट, 13	22° 52' 58.002" उ	84° 37' 9.090" पू
14	दारीपानी	पालकोट	पालकोट, 14	22° 52' 31.786" उ	84° 35' 50.251" पू
15	खारपानी	पालकोट	पालकोट, 15	22° 52' 48.212" उ	84° 33' 59.990" पू
16	दाहुपानी	पालकोट	पालकोट, 16	22° 53' 25.754" उ	84° 32' 53.038" पू
17	कटुवादीह	पालकोट	पालकोट, 17	22° 52' 32.357" उ	84° 31' 37.670" पू
18	लधुदेरा	पालकोट	पालकोट, 18	22° 53' 41.367" उ	84° 31' 1.505" पू
19	अखराकोना	पालकोट	पालकोट, 19	22° 53' 15.623" उ	84° 30' 20.964" पू
20	अरवाडिह	पालकोट	पालकोट, 20	22° 52' 8.109" उ	84° 30' 31.571" पू
21	भोरातोलि	पालकोट	पालकोट, 21	22° 52' 3.540" उ	84° 28' 52.962" पू
22	केरातोलि	पालकोट	पालकोट, 22	22° 50' 36.587" उ	84° 29' 6.468" पू
23	सानिदीह	पालकोट	पालकोट, 23	22° 50' 22.160" उ	84° 30' 49.648" पू
24	कंदेरबेरा	पालकोट	पालकोट, 24	22° 51' 2.558" उ	84° 31' 47.827" पू
25	सुन्देरदीह	पालकोट	पालकोट, 25	22° 51' 18.622" उ	84° 32' 40.420" पू
26	कोइनार टंड	पालकोट	पालकोट, 26	22° 49' 58.883" उ	84° 33' 13.482" पू
27	बजरा	पालकोट	पालकोट, 27	22° 51' 20.636" उ	84° 33' 53.309" पू
28	राकेडेगा	पालकोट	पालकोट, 28	22° 50' 38.956" उ	84° 35' 6.160" पू
29	लोटवा	पालकोट	पालकोट, 29	22° 52' 1.453" उ	84° 35' 12.370" पू
30	तेतर तोली	पालकोट	पालकोट, 30	22° 51' 35.593" उ	84° 36' 52.667" पू
31	केसिदिह	पालकोट	पालकोट, 31	22° 50' 23.480" उ	84° 37' 7.441" पू
32	जलदेगा	पालकोट	पालकोट, 32	22° 50' 33.117" उ	84° 36' 22.844" पू
33	कोनदेकेरा	पालकोट	पालकोट, 33	22° 49' 48.338" उ	84° 36' 21.266" पू
34	पिथार तोली	पालकोट	पालकोट, 34	22°49' 49.615" उ	84° 34' 45.191" पू
35	सिजांग	पालकोट	पालकोट, 35	22° 48' 46.146" उ	84° 35' 14.298" पू
36	बिलिंगबिरा	पालकोट	पालकोट, 36	22° 48' 36.855" उ	84° 31' 36.124" पू
37	डोमबेरा	पालकोट	पालकोट, 37	22° 45' 19.870" उ	84° 31' 57.970" पू
38	सरूबेरा	पालकोट	पालकोट, 38	22° 46' 6.776" उ	84° 34' 33.271" पू

39	बनाइ देगा	पालकोट	पालकोट, 39	22° 44' 25.057" उ	84° 36' 40.435" पू
40	ओबिरा	पालकोट	पालकोट, 40	22° 46' 15.785" उ	84° 36' 55.369" पू
41	भुसुंदीह् तोइल	पालकोट	पालकोट, 41	22° 47' 18.943" उ	84° 36' 43.866" पू
42	कुलुकेरा	पालकोट	पालकोट, 42	22° 48' 33.796" उ	84° 37' 58.202" पू
43	पानीसानी	पालकोट	पालकोट, 43	22° 49' 34.384" उ	84° 37' 49.953" पू
44	कुर्रा	पालकोट	पालकोट, 44	22° 50' 45.208" उ	84° 37' 58.535" पू
45	बंगरू	पालकोट	पालकोट, 45	22° 50' 28.802" उ	84° 39' 37.235" पू
46	दाम्कारा	पालकोट	पालकोट, 46	22° 48' 28.734" उ	84° 39' 6.739" पू
47	पोजेंगा	पालकोट	पालकोट, 47	22° 48' 17.385" उ	84° 40' 8.946" पू
48	झिकिरमा	पालकोट	पालकोट, 48	22° 45' 51.894" उ	84° 39' 18.514" पू
49	सोलगा	पालकोट	पालकोट, 49	22° 44' 47.122" उ	84° 41' 2.952" पू
50	ओरवेंगा	पालकोट	पालकोट, 50	22° 45' 43.989" उ	84° 41' 16.113" पू
51	तपकरा	पालकोट	पालकोट, 51	22° 46' 49.934" उ	84° 41' 46.054" पू
52	खटगांव	पालकोट	पालकोट, 52	22° 46' 17.886" उ	84° 43' 14.761" पू
53	बरदीह्	पालकोट	पालकोट, 54	22° 47' 44.769" उ	84° 42' 32.344" पू
54	लोदहमा	पालकोट	पालकोट, 55	22° 48' 7.673" उ	84° 41' 7.590" पू
55	डेओगोना	पालकोट	पालकोट, 56	22° 48' 51.861" उ	84° 42' 1.728" पू
56	जेना	पालकोट	पालकोट, 57	22° 49' 18.795" उ	84° 43' 7.890" पू
57	सतखारी	पालकोट	पालकोट, 58	22° 50' 51.760" उ	84° 43' 54.482" पू
58	रानगोला	पालकोट	पालकोट, 59	22° 50' 3.981" उ	84° 42' 17.425" पू
59	पटसेरा	पालकोट	पालकोट, 60	22° 50' 51.070" उ	84° 41' 13.858" पू
60	कोइयांजाली	पालकोट	पालकोट, 61	22° 51' 2.226" उ	84° 40' 26.197" पू
61	नाथपुर	पालकोट	पालकोट, 62	22° 52' 18.109" उ	84° 42' 23.040" पू
62	पालकोट	पालकोट	पालकोट, 63	22° 53' 20.823" उ	84° 39' 2.092" पू
63	बघमा	पालकोट	पालकोट, 64	22° 56' 23.901" उ	84° 38' 58.471" पू
64	गुरगुरा	पालकोट	पालकोट, 65	22° 56' 29.941" उ	84° 40' 9.010" पू
65	मरदा	पालकोट	पालकोट, 66	22° 57' 22.014" उ	84° 41' 11.111" पू
66	अलेंगकेरा	पालकोट	पालकोट, 67	22° 55' 17.316" उ	84° 40' 55.734" पू
67	कइम्बा	पालकोट	पालकोट, 68	22° 54' 17.579" उ	84° 42' 3.020" पू
68	बगसेरा	पालकोट	पालकोट, 69	22° 53' 50.482" उ	84° 43' 23.346" पू
69	तेंगरी	पालकोट	पालकोट, 70	22° 54' 35.776" उ	84° 44' 27.994" पू
70	बागेसेरा (भाग)	पालकोट	पालकोट, 71	22° 56' 15.155" उ	84° 43' 1.505" पू
71	मलाई	पालकोट	पालकोट, 72	22° 57' 22.239" उ	84° 42' 27.422" पू
72	तिर्रा	पालकोट	पालकोट, 73	22° 58' 38.436" उ	84° 41' 47.893" पू
73	लोधम कोटाटोलि	**राईदिह**	राईदिह,38	22° 58' 14.601" उ	84° 32' 59.685" पू
74	लोवकि	राईदिह	राईदिह,39	22° 55' 49.379" उ	84° 31' 11.704" पू

75	जमगई	राईदिह	राईदिह,40	22° 54' 46.370" उ	84° 32' 2.473" पू
76	पिवो	राईदिह	राईदिह,41	22° 55' 32.084" उ	84° 29' 51.972" पू
77	करंग	राईदिह	राईदिह,42	22° 53' 49.806" उ	84° 29' 32.102" पू
78	सानिअकोना	राईदिह	राईदिह,43	22° 53' 54.137" उ	84° 28' 23.240" पू
79	सलकाया	राईदिह	राईदिह,44	22° 52' 38.169" उ	84° 27' 19.891" पू
80	सुरसंग	राईदिह	राईदिह,51	22° 51' 15.924" उ	84° 25' 49.336" पू
81	कोबजा	राईदिह	राईदिह,52	22° 49' 53.095" उ	84° 24' 51.166" पू
82	रामजा	राईदिह	राईदिह,58	22° 47' 47.505" उ	84° 24' 30.040" पू
83	करमुखि	**सिमदेगा**	सिमदेगा,15	22° 46' 11.904" उ	84° 25' 52.944" पू
84	असांबेरा	सिमदेगा	सिमदेगा,17	22° 47' 27.796" उ	84° 26' 58.494" पू
85	गोडोलोपानी	सिमदेगा	सिमदेगा,18	22° 48' 28.189" उ	84° 28' 3.276" पू
86	कटासारू	सिमदेगा	सिमदेगा,19	22° 49' 32.319" उ	84° 28' 30.826" पू
87	लोलेन्गा	सिमदेगा	सिमदेगा,21	22° 48' 24.184" उ	84° 29' 45.541" पू
88	कुरूसकेला	सिमदेगा	सिमदेगा,23	22° 46' 35.001" उ	84° 30' 37.123" पू
89	सेरलोंगा	पकैरदानर	सिमदेगा,24	22° 46' 45.720" उ	84° 32' 40.788" पू
90	सिरूपारधिअ	पकैरदानर	सिमदेगा,20	22° 48' 28.570" उ	84° 29' 11.160" पू

India.com

उपाबंध V

की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का प्रपत्र:

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत: (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का उल्लेख करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक उपाबंध में उपाबद्ध करें) ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए व्यवहार किए गए मामलों का सारांश (पारिस्थितिकी संवेदी जोन वार) । ब्यौरे उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सार। (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सार । (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 9th August, 2019

S.O. 2897(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 776(E) dated the 21st February, 2018, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 22nd February, 2018;

AND WHEREAS, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, Palkot Wildlife Sanctuary lies between latitudes $22^0$45' North to 23^0 North and $84^0$30' East to $84^0$45' East Longitudes. This Sanctuary was constituted in the year 1990 for the conservation of endangered and valuable wild animals such as bear, leopard, pythons etc. Palkot Wildlife Sanctuary was notified *vide* Government of Bihar notification No. 1168 dated 22nd March, 1990, covering an area of 183.18 sq. km. This Sanctuary is under the administrative control of Divisional Forest Officer, Wildlife Division, with his head quarters at Ranchi;

